बुधवार
21 दिसम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज




प्रशासनिक विफलता और अनाचार में संलिप्तता में आरा जेल अधीक्षक सस्पेंड 3

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

नीतीश सरकार का बड़ा फैसला

## बिहार पुलिस में 75543 पदों पर जल्द होगी बहाली



**केटी न्यूज/पटना**

बिहार पुलिस में बड़े पैमाने पर नियुक्ति होगी. 75543 पदों पर बहाली के प्रस्ताव को नीतीश कुमार की सरकार की हरी झंडी मिल गई है। नीतीश कैबिनेट ने मंगलवार को इस फैसले पर अपनी मुहर लगाई। इसके अलावा 13 अन्य एजेंडों पर भी मुहर लगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए बिहार में पुलिस विभाग में बड़ी संख्या में बहाली की प्रक्रिया को मंजूरी दी गई है।

बिहार पुलिस में सीधी नियुक्ति के 48447 और आरएसएस के 19288 पद समेत पुलिस कर्मियों के कुल 67735 पदों के सृजन को स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा डायल 112 के प्रथम चरण में पुलिस संवर्ग के 7808 पदों के सृजन को भी नीतीश कैबिनेट ने मंजूरी दी है। इन दोनों चरणों में बहाली को जोड़ दिया जाए तो कुल 75543 पदों पर पुलिस विभाग में नियुक्ति होगी। फैसले की जानकारी देते हुए मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने बताया कि

- कैबिनेट की बैठक में 13 एजेंडों पर लगी मुहर
- डायल 112 के प्रथम चरण में पुलिस संवर्ग के 7808 पदों के सृजन को दी गई मंजूरी

पुलिस विभाग के सुदृढ़ीकरण के लिए यह नियुक्ति की जायेगी। कई चरणों में बहाली की प्रक्रिया संपन्न होगी।

यह बहाली ट्रेनिंग की सुविधा के हिसाब से और वेतन व्यवस्था के आधार पर की जाएगी। इसमें दारोगा कांस्टेबल और चालक कांस्टेबल की सीधी तौर पर बहाली की जाएगी। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय में विद्यालय शिक्षा समिति के माध्यम से खरीदने के लिए 50 करोड़ रुपए के एजेंडे पर भी स्वीकृति दी गई है। साथ ही राष्ट्रीय खाद सुरक्षा अधिनियम 2013 के अभ्यर्थी या हकदार लोगों को खाद्यान्न नहीं मिलने पर खाद्यान्न सुरक्षा भत्ता दिए जाने के फैसले को भी बिहार कैबिनेट ने स्वीकृति दी है। बिहार कैबिनेट ने औरंगाबाद सदर हॉस्पिटल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अजय कुमार सुमन को सेवा से बर्खास्त कर दिया है।

**पहले चरण के नतीजे :** मतदाताओं ने किया 21747 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

# मंत्री की मां, जदयू एमएलसी की पत्नी और बहू हारीं निकाय चुनाव

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार नगर निकाय चुनाव के पहले चरण की सीटों के नतीजे सामने आए। पहले चरण के चुनाव में मतदाता ने 21,747 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला किया। पहले चरण का चुनाव परिणाम बेहद रोचक रहा। मंत्री की मां और बीजेपी सांसद की पत्नी हार गईं। वहीं भोजपुर जिले बिहिया और मुंगेर के तारापुर में एक ही परिवार के तीन-तीन लोग चुनाव जीत गए। कहीं जीत का फैसला टॉस से हुआ। बता दें कि 68 नगर परिषद और 88 नगर पंचायत सीटों के लिए वोटों की गिनती की गई। मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। हाजीपुर नगर परिषद वार्ड संख्या 01 से ज्योत्सना कुमारी विजयी हुईं। ज्योत्सना कुमारी ने 53 वोट से जीत दर्ज की है। उन्होंने सांसद अजय निषाद की पत्नी रमा निषाद को हराया है। वे जदयू से 2014 में वैशाली से लोकसभा चुनाव लड़ चुके विजय सहनी की बहू हैं। ज्योत्सना रमा निषाद की रिश्ते में चचेरी बहू हैं।

जहरीली शराब कांड से चर्चा में रहे सारण जिले में दिघवारा के वार्ड नंबर 7 से प्रत्याशी मुनेश्वर कुमार ने बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री सुरेंद्र राम की मां कलावती देवी को पराजित किया है। मुनेश्वर कुमार को 377 मत मिले, जबकि मंत्री की मां को 279 वोट मिले।



### महाराजगंज पंचायत के एक वार्ड में टॉस से हुआ जीत का फैसला

सीवान जिले की महाराजगंज नगर पंचायत में एक वार्ड में टॉस से जीत का फैसला हुआ। वार्ड-6 से निवर्तमान वार्ड पार्षद रंजू देवी और प्रत्याशी संगीता को बराबर बोट मिले। जिसके बाद निर्वाचन पदाधिकारी और एसडीओ संजय कुमार ने मुकाबला टाई होने पर टॉस करके फैसला किया। जिसके बाद रंजू देवी टॉस जीत गईं और वार्ड 6 से विजयी घोषित की गईं।

**एक ही परिवार से तीन लोग जीते:** भोजपुर के बिहिया में एक ही परिवार के तीन लोगों को मतदाता ने जीता दिया। इसें विजय कुमार गुप्ता उप मुख्य पार्षद, इनकी पत्नी पूजा देवी वार्ड 11 से पार्षद पर जीत हासिल कीं। वहीं चाची अंजू देवी वार्ड 10 पार्षद के पद पर जीती हैं।

**बगहा में जनता ने परिवारवाद को नकारा:** बगहा नगर निकाय चुनाव में जेडीयू एमएलसी भीष्म साहनी अपनी साख नहीं बचा सके। भीष्म साहनी की पत्नी वार्ड 35 में वार्ड पार्षद के लिए और पुत्रवधू चेयरमैन पद के लिए चुनाव मैदान में उतरीं। दोनों को जनता ने वोट नहीं दिया।

### पहले चरण में 156 नगर निकाय के लिए 59.62 फीसदी हुआ था मतदान

पहले चरण में 156 नगर निकाय के लिए रविवार को 59 .62 फीसदी मतदान हुआ था। प्रथम चरण में कुल पदों की संख्या 3658 है। इसमें 68 नगर परिषद और 88 नगर पंचायत के लिए मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद के पद के चुनाव हुए हैं। इसके अलावा 3346 वार्ड पार्षद सीटों पर चुनाव हुए हैं। एक मतदाता ने तीन पदों के लिए वोटिंग किया।

**पहली बार जनता ने चुना मुख्य पार्षद और उप मुख्य पार्षद:** इसके अलावा इस बार मुख्य पार्षद और उप मुख्य पार्षद के लिए भी वोटिंग हुई। मुख्य पार्षद और उप मुख्य पार्षद के लिए निर्वाचित पार्षद मिलकर वोट करते थे। इस बार सभी तीन पदों के लिए सीधे आम मतदाता ही चुनाव किया है। ऐसे ही नगर निगम में मेयर और उप मेयर का चुनाव किया जाएगा। वहीं अब दूसरे चरण का मतदान 28 दिसंबर को होना है। वहीं वोटों की गिनती 30 दिसंबर को की जाएगी।

## चीन में कोरोना से फिर हालात हुए खराब, भारत में अलर्ट जारी



**एजेंसी/नई दिल्ली**

चीन में कोरोना से फिर हालात बिगड़ रहे हैं। इसे देखते हुए केंद्र सरकार अलर्ट मोड पर आ गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने सभी राज्यों को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि सभी पॉजिटिव केस के सैम्पल्स जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजें, ताकि कोरोना के नए वैरिएंट का पता लगाया जा सके। उधर, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया बुधवार को देश में कोविड-19 की स्थिति पर ऑफिसर और एक्सपर्ट्स के साथ बैठक करेंगे।

जापान, अमेरिका, कोरिया और ब्राजील में भी कोरोना केस बढ़ रहे हैं। चीन में कोरोना प्रतिबंधों में ढील के बाद संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। हालात इतने गंभीर हैं कि अस्पतालों के बाहर लंबी लाइन लग रही हैं, मरीजों को बेड नहीं मिल रहे। दवाएं भी कम पड़ रही हैं। श्मशान में भी शवों की लाइन लगी हुई है। यहां पुलिस तैनात है। एक्सपर्ट एरिक फीगल-डिंग का कहना है कि तेजी से संक्रमण की वजह से लाखों लोगों की मौत हो सकती है। एक्सपर्ट का अनुमान है कि अगले 90 दिनों में चीन के 60 फीसदी से अधिक और दुनिया की 10 फीसदी आबादी के संक्रमित होने की संभावना है। तेजी से संक्रमण बढ़ने के बाद लाखों लोगों की मौत होने की संभावना है। कम टीकाकरण दर और अव्यवस्थित इमरजेंसी सेवाओं के चलते चीन की एक बड़ी आबादी वायरस की चपेट में है।

### जीनोम सीक्वेंसिंग पर करें काम: भूषण

मंगलवार को केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद को पत्र लिखकर कहा है कि सभी राज्यों को जीनोम सीक्वेंसिंग पर काम करना होगा। उन्होंने पत्र में लिखा कि चूंकि अभी देश में कोविड मामलों की संख्या कम है, इससे जान गंवाने वालों की संख्या में भी कमी आई है लेकिन जिस तरह से वायरस दुनिया में फिर से फैल रहा है, ऐसे में सरकार कोई कोताही नहीं बरतना चाहती है। नए वैरिएंट्स की समय पर पहचान करनी होगी।

### बीपीएससी प्रीलिम्स में अब नेगेटिव मार्किंग

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग की प्रीलिम्स भर्ती परीक्षा के पैटर्न में बदलाव किए गए हैं। नए पैटर्न की शुरुआत 68वीं बीपीएससी की परीक्षा होने जा रही है। बदले पैटर्न के अनुसार अब हर गलत जवाब के लिए कैंडिडेट के लिए नेगेटिव मार्किंग की जाएगी। बीपीएससी ने मंगलवार को 68 वीं प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के लिए गलत उत्तर के लिए नेगेटिव मार्किंग लागू करने से जुड़ा नोटिफिकेशन जारी किया है।

आयोग द्वारा यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि बीपीएससी 68 वी प्रारंभिक परीक्षा में निगेटिव मार्किंग लागू किया जाएगा। साथ ही मुख्य लिखित परीक्षा के पैटर्न में भी कुछ बदलाव किया गया है। 68 वी प्रारंभिक परीक्षा में पूरे 150 प्रश्नों के लिए निगेटिव मार्किंग लागू किया जाएगा। साथ ही मुख्य लिखित परीक्षा के पैटर्न में भी कुछ बदलाव किया गया है।

## रोज 400 कमानेवाले मजदूर को मिला आयकर का नोटिस

**केटी न्यूज/सासाराम**

बिहार के सासाराम में एक मजदूर को आयकर विभाग ने नोटिस भेजा है, जिसमें उससे लगभग 14 करोड़ आयकर रिटर्न नहीं भरने का दोषी ठहराया गया है। मजदूर का नाम मनोज यादव है। मामला करगहर थाना क्षेत्र का है। मजदूर के परिवार का कहना है कि विभाग ने उन्हें पूरे पैसे जमा करने को कहा है। जानकारी के अनुसार वह प्रतिदिन महज 400 रुपया ही कमाता है।

बताया जाता है कि मनोज यादव दिल्ली और हरियाणा बीच-बीच में मजदूरी करने आते-जाते रहता है। दो दिन पूर्व उसके घर पर इनकम टैक्स विभाग की टीम पहुंची और उसे नोटिस थमा दिया। मनोज ने बताया कि अधिकारियों ने उससे कहा कि उसके नाम पर कंपनियां चल रही हैं। उस पर लगभग 14 लाख के आसपास का आयकर का रिटर्न बकाया है। अगर उसने यह बकाया जमा नहीं किया गया तो कार्रवाई की जाएगी। यह नोटिस मिलते ही मनोज और उसके परिजन परेशान हो गए. मनोज का कहना है कि दिल्ली तथा हरियाणा में जब वह काम के सिलसिले में जाता है तो उसका आधार कार्ड एवं पैन कार्ड ठेकेदारों द्वारा ले लिए जाते हैं। उसने आशंका जताई है कि इन्ही दस्तावेजों के आधार पर शायद कुछ गड़बड़ी की गई हो।

**दिल्ली और हरियाणा में मजदूरी:** मजदूर मनोज यादव को समझ में भी नहीं आ रहा है कि यह सब क्या है? वही उसके परिजन भी हताश हैं। मनोज यादव साल में 8 महीना पंजाब ,हरियाणा तथा दिल्ली में मजदूरी कर 10 से 15 हजार रुपये मासिक कमाता है। गांव में धान की कटनी तथा रोपनी के समय मजदूरी करने गांव चले आता है।

### कोर्ट का आदेश... कट ऑफ मार्क्स को वेबसाइट पर जारी करे जेपीएससी

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में 7वीं-10वीं जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के कट ऑफ मार्क्स जारी करने को लेकर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने लिखित आदेश देते हुए जेपीएससी को कहा है कि तीन हफ्ते के भीतर वेबसाइट पर कट ऑफ मार्क्स जारी करें। यह कट ऑफ मार्क्स कैटेगरी वाइज जारी करें। वहीं उम्मीदवारों के अंक भी जारी करें। हाईकोर्ट ने कहा है कि अगर ऐसा नहीं होता है तो कोर्ट इसे कंटेंप्ट मान कर सुनवाई करेगी। यह आदेश जस्टिस डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने जारी किया है। वहीं कोर्ट ने आदेश जारी करते हुए अगली सुनवाई 16 जनवरी को निर्धारित की है। उम्मीदवारों के अंक जारी करने और कट ऑफ मार्क्स वेबसाइट पर अपलोड करने के मामले को लेकर बीते 13 दिसंबर को सुनवाई हुई थी।

## साजिश के तहत रद्द की जा रही नियोजन नीति: हेमंत

**केटी न्यूज/रांची**

झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र मंगलवार को स्थगित होने के बाद लगभग एक बजे फिर से शुरू हुआ। इस दौरान एक बार फिर भाजपा के विधायक बेल तक चले गए। इस दौरान सदन में 8533 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया गया। इस दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि ऐसा नहीं है कि राज्य में पहली बार नियोजन नीति को रद्द किया गया है। ऐसा तीसरी बार हुआ जब नियोजन नीति रद्द हुई है। यह भी साजिश के तहत किया जा रहा है। कोर्ट में किसी आदिवासी युवा को



सामने किया जाता है। इसके बाद 20 लोग पीटिशनर बन जाते हैं। ये वो लोग होते हैं, जो बिहार-यूपी के हैं। यही लोग नीतियों को हाईकोर्ट से रद्द कराते हैं। ये नहीं चाहते कि झारखंड के युवाओं का भविष्य सुनिश्चित हो। अगर हम चाहते हैं कि राज्य के थर्ड और फोर्थ ग्रेड की नौकरी राज्य के युवाओं को मिले तो इसमें गलत क्या है।

**साजिश को समझने की जरूरत:** राज्य सरकार की ओर से बनायी गयी नियोजन नीति को रद्द कराने के पीछे की साजिश को समझने की जरूरत है। उन्होंने सदन में अपनी बात रखते हुए कहा कि इसी समस्या से निबटने के लिए स्थानीय नीति और आरक्षण विधेयक जो सदन से पारित हुआ है, वह 9 वीं अनुसूची में जोड़ा जाए. इसे लेकर राज्यपाल से मिलने जा रहा हूं। सभी दलों को पत्राचार किया हूं. अपील है कि झारखंड हित में सभी विधायक राजभवन चलें.

**सरकार ने तीन विधेयक वापस लिया:** शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन पक्ष और विपक्ष के हंगामे के बीच राज्य सरकार ने तीन विधेयक वापस लिया। जिसमें 9 सितंबर 2021 को सभा द्वारा पारित झारखंड वित्त विधेयक 2021, 24 मार्च 2022 को सभा द्वारा पारित झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन (संवर्धन और सुविधा) विधेयक 2022 और 3 अगस्त 2022 को सभा द्वारा पारित झारखंड कराधान अधिनियमों की बकाया राशि का समाधान विधेयक 2022 शामिल है। गौरतलब है कि इन विधेयकों को कतिपय त्रुटियों के कारण राज्यपाल ने वापस कर दिया था।





जीयर स्वामी

तीर्थ करने से भी बड़ा फल संत दर्शन का होता है। तीर्थ करें फल एक है, संत मिले फल चार।



## खबरें फटाफट

### चोरों ने बंद घर से उड़ाई 20 लाख की संपत्ति

**जहानाबाद।** मखदुमपुर नगर पंचायत सरैया मोहल्ले में अज्ञात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए घर से लगभग 20 लाख की संपत्ति चोरी कर ली। सरैया मोहल्ला निवासी कौशल्या देवी का मकान में अज्ञात चोरों ने 20 लाख रुपए की संपत्ति चोरी कर लिया है। पीड़ित गृहस्वामी ने बताया की वे अपने संबंधी के घर नालंदा गई हुई थी। जहां से मंगलवार को वह अपने घर पहुंची तो मेन गेट को छोड़ कर घर के अंदर के सभी कमरे का ताला टूटा देखा। साथ ही घर में रखा सारा संपति गायब पाया। गृहस्वामी ने बताया उसके घर में रखे सोने के गहने कंगना, हार, कई महंगे जेवरात, चांदी के गहने के साथ लगभग 20 लाख रुपए के सामान की चोरी हो गई है। इस मामले में मखदुमपुर थाने में आवेदन दिया गया है।

### शिक्षक हत्याकांड में एक और आरोपित गिरफ्तार

आरा। नवादा थाना क्षेत्र के फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी रिटायर शिक्षक सिद्धनाथ राय की हत्या में पुलिस ने एक और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। वह सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के निर्भयडिहरा गांव निवासी महेंद्र राय का पुत्र चंदन कुमार उर्फ संतोष कुमार राय है। दारोगा चंदन कुमार यादव ने उसे गिरफ्तार किया है। इस मामले में महेंद्र राय सहित अन्य आरोपितों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं मुख्य आरोपित शूटर बाल भगवान राय ने भी कुछ रोज पहले कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। बता दें कि सात सितंबर की शाम जमीन विवाद में फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी रिटायर शिक्षक सिद्धनाथ राय को दरवाजे पर गोली मार दी गयी थी।

### महिला को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**आरा।** शहर की नवादा थाना की पुलिस द्वारा पैसे के लिए एक शादीशुदा महिला को ब्लैकमेल करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह यूपी के चंदौली के मेघवा का रहने वाला जीतेंद्र सिंह उर्फ पिंकू सिंह है। नवादा थाने की दारोगा खुशबू कुमारी द्वारा सोमवार की शाम स्टेशन रोड से गिरफ्तार किया गया है। महिला की ओर से उसके खिलाफ इसी साल जुलाई माह में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। मूल रूप से पीरो के रजेया गांव की रहने वाली महिला की ओर से दर्ज प्राथमिकी में कहा गया था कि जीतेंद्र सिंह उर्फ पिंकू सिंह ने एक बार पिस्टल रख उसकी मांग में सिंदूर भरा था और फोटो खींच लिया था।

# नावानगर में खुला जिले का पहला एमएमपीडी क्लिनिक, मरीजों में बांटी गई किट

**केटी न्यूज / बक्सर**

- मरीजों को फाइलेरिया का प्रभाव कम करने के लिए किट के प्रयोग की बताई गई विधि
- फाइलेरिया के मरीजों को व्यायाम की दी गई जानकारी
- मच्छरों से बचाव के लिए किया गया जागरूक

फाइलेरिया के हाथीपांव मरीजों के लिए अच्छी खबर है। अब उनके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर माबीर्डीटी मैनेजमेंट एंड डिसेबिलिटी प्रीवेंशन (एमएमडीपी) क्लिनिक खोली जा रही है। इस क्रम में मंगलवार को नावानगर प्रखंड स्थित पीएचसी में जिले का पहले एमएमडीपी क्लिनिक का शुभारंभ किया गया। इस दौरान जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने फीता काटकर क्लिनिक का उद्घाटन किया।

मौके पर डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि फाइलेरिया एक वेक्टर जनित बीमारी है। जो मच्छर के काटने से फैलती है। इसलिए सभी को मच्छरों से बचाव के लिए सभी एहतियात बरतते हुए बचाव के उपाय करने होंगे। ताकि मच्छरों से परिवार के सभी लोगों का बचाव किया जा सके। इस क्रम में पीएचसी स्तर पर मौजूद फाइलेरिया मरीजों के साथ अन्य मरीजों के बीच फाइलेरिया को लेकर लक्षणों की पहचान, इलाज व बचाव की जानकारी दी गई। साथ ही, मरीजों के बीच फाइलेरिया से संबंधित उपचार विधि और व्यायाम की जानकारी दी गई। इस दौरान



मरीज को किट देते स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मचारी

एमओआईसी डॉ. कमलेश कुमार, केयर वीएल डीपीओ चंदन प्रसाद, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण सलाहकार राजीव कुमार, बीएचएम चिंता मणि, बीसीएम अभिषेक कुमार, केटीएस उपेंद्र पांडेय, स्वास्थ्य कर्मियों में रविन्द्र, कृष्ण कुमार, वीरेंद्र गिरी, सतीश राय, राधेश्याम पांडेय, अरुण शर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे।

**मरीजों को दिखाया गया डेमो :** इस दौरान डॉ. शैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में वीबीडीसी राजीव कुमार व केटीएस ने फलेरिया से प्रभावित स्थानों को साफ करने व दवा लगाने की विधि बताई। इस दौरान एमएमडीपी किट का प्रयोग करने के पूर्व मरीजों को डेमो दिखाया गया है। जिससे वे उपचार की विधि समझ सकें। हाथीपांव के मरीज उपचार के समय पहले पैर पर पानी डाल लें। उसके बाद हांथ में साबुन लेकर उसे खूब रगड़ें और झाग निकालें। जिसके बाद हल्के हांथ से पैर में घुटने से लेकर उंगलियों व तलुए तक साबुन लगायें। जिसके बाद हल्के हाथ से घुटने से पानी डालकर उसे धो लें। जिसके बाद तौलिया लेकर हल्के हाथ से पोंछ लें। ध्यान रहे कि रगड़ना बिल्कुल नहीं है। इसके बाद पैर में जहां पर घाव हो वहां पर क्लोबनी क्रीम लगायें। यदि, मरीज के पैर में घाव नहीं हैं तो पैर में हल्के हांथ से नारियल का तेल लगा सकते हैं।

### क्लिनिक में फाइलेरिया के मरीजों के इलाज के साथ होगी उनकी काउंसलिंग भी

जिला वेक्टर बॉर्न डिजीज कंट्रोलर ऑफिसर डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया, जिले के हाथीपांव से ग्रसित लोगों की लाइन लिस्टिंग की जा रही है। ताकि, उनको एमएमडीपी किट प्रदान किया जा सके। इसके लिए सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को सूचित किया जा चुका है। इसके लिए जिलास्तर पर शिविर का आयोजन किया जायेगा। किट में मरीजों को बाल्टी, मग, टब, सूती तौलिया, साबुन व एन्टी फंगल क्रीम दी जाती है। साथ ही, मरीजों को किट के इस्तेमाल की जानकारी दी जाएगी। मरीजों को किट के प्रयोग की विधि जाननी बेहद जरूरी होती है। साथ ही, मरीजों की काउंसलिंग भी की जाएगी।

### संक्रमण के पश्चात बीमारी होने में 5 से 15 वर्ष लग सकते हैं

केयर इंडिया के वीएल डीपीओ चंदन प्रसाद ने बताया, फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है। जिससे किसी भी उम्र के व्यक्ति फाइलेरिया से संक्रमित हो सकता है। संक्रमण के पश्चात बीमारी होने में 05 से 15 वर्ष लग सकते हैं। उन्होंने बताया, फाइलेरिया मुख्यत: मनुष्य के शरीर के चार अंगों को प्रभावित करता है। जिसमें पैर, हाथ, हाइड्रोसील एवं महिलाओं का स्तन शामिल हैं। हाइड्रोसील के अलावा फाइलेरिया संक्रमित अन्य अंगों को ऑपरेशन द्वारा ठीक नहीं किया जा सकता है। संक्रमित व्यक्ति को समान्य उपचार के लिए किट उपलब्ध कराई जाती है, जबकि हाइड्रोसील फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को मुफ्त ऑपरेशन की सुविधा मुहैया कराई जाती है।

## जेल से मोबाइल सहित अन्य आपत्तिजनक सामानों की बरामदगी में गिरी गाज

# प्रशासनिक विफलता और अनाचार में संलिप्तता में आरा जेल अधीक्षक सस्पेंड

- डीएम और एसपी की संयुक्त रिपोर्ट के आधार पर की गयी कार्रवाई
- कारा अधीक्षक के खिलाफ प्रपत्र के गठित कर विभागीय कार्रवाई करने का आदेश
- निलंबित कारा अधीक्षक पर दबंग बंदियों से मिलीभगत का आरोप

**केटी न्यूज/आरा**





आरा मंडल कारा से मोबाइल सहित अन्य आपत्तिजनक सामानों की बरामदगी में बड़ी कार्रवाई हुई है। मंडल कारा अधीक्षक संदीप कुमार को सस्पेंड कर दिया गया। साथ ही उनके खिलाफ प्रपत्र के गठित कर विभागीय कार्रवाई करने का भी आदेश दिया गया है। डीएम और एसपी की संयुक्त जांच रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गयी है। इस संबंध में गृह विभाग के कारा एवं सुधार सेवाएं निरीक्षणालय की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। इधर, संयुक्त सचिव सह निदेशक (प्र) रजनीश कुमार सिंह द्वारा आदेश जारी होने के बाद डीएम राजकुमार द्वारा भू-अर्जन पदाधिकारी को जेल अधीक्षक का प्रभार सौंपा गया है।

संयुक्त सचिव द्वारा जारी आदेश में जेल अधीक्षक संदीप कुमार पर प्रशासनिक रूप से विफल रहने और दबंग बंदियों से मिलीभगत का भी आरोप लगाया गया है। बता दें कि जिले में अपराधिक वारदात में जेल कनेक्शन सामने आने के बाद डीएम और एसपी के नेतृत्व में 29 नवंबर को जेल में छापेमारी की गयी थी। उस दौरान आठ मोबाइल बरामद किए गए थे। उसके बाद डीएम के निर्देश पर तीन दिनों तक ऑपरेशन क्लीन चलाया गया था। उस 35 मोबाइल और चार्जर सहित अन्य सामान बरामद किए गए थे। उस मामले में डीएम और एसपी की ओर से जांच रिपोर्ट भेजी गयी थी। वहीं उस मामले में जेल अधीक्षक की ओर से उप काराधीक्षक और कक्षपाल सहित पांच कर्मियों को पहले भी सस्पेंड कर दिया गया था।

### अधीक्षक पर दबंग कैदियों से मिल अवैध वसूली का आरोप, संयुक्त सचिव ने की कार्रवाई

संयुक्त सचिव की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि जिला प्रशासन की ओर से जारी जांच प्रतिवेदन से स्पष्ट हो रहा है कि जेल की सम्पूर्ण प्रशासनिक व्यवस्था ध्वस्त हो गयी थी। कक्षपालों द्वारा भी दबंग बंदियों के साथ मिलकर अवैध वसूली और गुटबाजी करायी जा रही थी। यह भी आरोप लगाया गया है कि जेल में बंदी धनजी यादव और विनोद यादव का कुप्रभाव कायम था। उसके कारण कक्षपाल संवर्ग भी अपने दायित्व का निर्वहन में विफल हो रहा था। इन बंदियों द्वारा बेड चार्ज के नाम पर अवैध वसूली करने के साथ बंदियों को प्रताड़ित भी किया जा रहा था। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की जांच में सारी बातों का खुलासा हुआ। जिसके बाद उन्होंने मामले की रिपोर्ट संयुक्त सचिव को भेजी। जिसके आधार पर कार्रचाई हुई।

## एक नजर

### निकाय चुनाव में जीत के जश्न में लहराए हथियार, पुलिस ने कहा होगी कार्रवाई



**भभुआ।** जिले में नगर निकाय का रिजल्ट आते ही बंदूकें भी बाहर आ गईं। जीत के जश्न का वीडियो सामने आया है, इसमें दोनाली और एक नाली बंदूक भी दिखी। जिले की पांचों नगर निकाय के चुनाव का परिणाम आ चुका है। जहां विजेता की घोषणा करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र दे दिया गया। जीते हुए विजेताओं के समर्थकों विजय जुलूस निकाला। यहां बैंड बाजे के साथ नारेबाजी करते हुए हथियार भी लहराए गए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर आया है। यह वीडियो मोहनिया थाना क्षेत्र के डडवा का बताया जा रहा है। वीडियो में साफ देखा जा रहा है कि जीत के जश्न के बीच में कुछ लोग दोनाली और एक नाली बंदूक लेकर हवा में लहरा रहे हैं। चारों तरफ सुरक्षा को लेकर चाक-चौबंद का दावा करने वाली कैमूर पुलिस की निगाह इस हथियार लहराने पर नहीं पड़ी। इधर, मोहनिया थानाध्यक्ष ने कहा कि इस तरह के जानकारी मुझे नहीं है। अगर ऐसा मामला सामने आता है तो कार्रवाई की जाएगी। वीडियो के साथ देखा जा सकता है की बंदूक को हाथों से लहराते हुए लोग आगे बढ़ रहे हैं। एक वीडियो में दो बंदूकें लहराया जा रहा है। किसी जीते हुए प्रत्याशी को कंधों पर टांग कर गाजे-बाजे के साथ उसे पूरे शहर में भ्रमण कराया जा रहा। विजयी प्रत्याशियों का लगाता जुलूस निकल रहा था। इसलिए यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हथियार लहराने वाले कौन थे।

### नगर निकाय चुनाव में राजद ने दिखाया दम, तीन निकायों के मुख्य पार्षद पद पर जमाया कब्जा



**सासाराम।** जिले में चल परहे नगर निकाय के प्रथम चरण के चुनाव में राजद ने अपना दम दिखाया है। जिले में मंगलवार को 5 नगर निकायों के परिणाम घोषित किया गया। इनमें तीन के मुख्य पार्षद के पर पर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से राजद ने अपना दम दिखाया है। उल्लेखनीय है कि ये तीन नगर निकाय के विधानसभा क्षेत्रों में भी राजद का ही कब्जा है। जिले के सबसे बड़े नगर परिषद क्षेत्र डेहरी-डालमिया नगर नगर परिषद में शशि कुमारी मुख्य पार्षद निर्वाचित हुई हैं। वो एक ऐसे राजनीतिक परिवार से जिसका संबंध राजद से रहा है। उनके भसुर गुड्डू चंद्रवंशी राजद के नेता हैं और डेहरी नगर राजद के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं। गुड्डू चंद्रवंशी की पत्नी अनिता देवी भी पार्षद रह चुकी हैं। बताते हैं कि शशि कुमारी की जीत में उनके ज्येठ और जेठानी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनकी जीत को यहां राजद की जीत ही माना जा रहा है। नोखा नगर परिषद में राधेश्याम चौधरी मुख्य पार्षद निर्वाचित हुए हैं। राधेश्याम चौधरी राजद के सक्रिय नेता हैं। वे नोखा की विधायक एवं नीतीश सरकार में मंत्री अनिता देवी के नजदीकी माने जाते हैं। उनकी जीत यहां राजद की जीत मानी जा रही है। कोआथ नगर पंचायत में मुख्य पार्षद के पद पर धर्मेंद्र चौधरी चौथी बार निर्वाचित हुए हैं। वे रपाजद के क्षेत्र में सक्रिय नेता हैं और पूर्व में विधानसभा के लिए भी राजद से टिकट की दावेदारी करते रहे हैं। उनकी जीत को भी राजद की जीत माना जा रहा है।

### पति की हत्या के 22 दिन बाद शाहपुर नगर पंचायत की चेयरमैन बनी जुगनू देवी

**आरा।** शाहपुर के पूर्व चेयरमैन की हत्या के बाद भी उनकी पत्नी जुगनू देवी ने हिम्मत नहीं हारी। शाहपुर नगर पंचायत की मुख्य पार्षद पद पर विरोधियों को पछाड़ते हुए उन्होंने धमाकेदार जीत दर्ज की है। चुनावी रंजिश में 22 दिन पहले जुगनू देवी के पति मंटू सोनार की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पति के मौत के बाद भी उनका हौसला नहीं टूटा और अपनी निकटम प्रतिद्वंदी विनोद कुमार तिवारी को 679 वोटों से हरा दिया। जीत के बाद भी जुगनू देवी के चेहरे पर मायूसी छाई थी। दरअसल, भोजपुर में नगर निकाय चुनाव की मतगणना समाप्त हो गई। पीरो, जगदीशपुर, शाहपुर बिहियां नगर निकाय के तीनों पदों का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। जिले में भी कई चौकाने वाले परिणाम सामने आए है। जनता ने इस बार भी नए चहेरे को मौका दिया है। शाहपुर नगर पंचायत के मुख्य पार्षद की पद पर जीत दर्ज करने वाली जुगनू देवी ने जीत हासिल की। पति की मौत के बाद भी जुगनू देवी का आत्मविश्वास नहीं टूटा, इसके बाद जनता के भरोसे पर खड़ी उतरी और जीत हासिल की। जुगनू को जनता ने 1837 वोट दिया है। जीत के अपने क्षेत्र में जाकर जुगनू देवी जनता को धन्यवाद किया और उनसे आशीर्वाद लिया। इसके बाद शाहपुर नगर पंचायत की जनता ने जुगनू देवी को माला पहनाकर उनको आशीर्वाद दिया। जुगनू देवी के पति मंटू सोनार की अपराधियों ने 28 नवंबर को दिनदहाड़े ताबड़तोड़ फायरिंग कर उनकी हत्या कर दी थी। जिसके बाद भोजपुर पुलिस एक विशेष टीम बनाकर हत्याकांड में शामिल जिले के दुर्दांत अपराधी मनीष कुमार उर्फ तिवारी यादव को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। मंटू सोनार का कल श्राद्धकर्म होना है।

# जिलाधिकारी ने बैंकों को सीडी रेशियो में त्वरित वृद्धि करने का जारी किया फरमान

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्श समिति सह समीक्षा समिति की सितंबर तिमाही की बैठक आयोजित हुई। बैठक अपर समाहर्ता सुधा गुप्ता, वरीय उपसमाहर्ता बैंकिंग संजीत बक्शी, आरबीआई एलडीओ चंदेश्वर यादव, पीएनबी गया मंडल के प्रतिनिधि मुख्य प्रबंधक मनोज कुमार, डीडीएम नाबार्ड कुमार रितेश, आरसेटी निदेशक नागेश्वर प्रसाद, माइकोफाइनेंस प्रबंधक जीविका वीरेन्द्र कुमार, नगर प्रबंधक नगर पर्षद तथा पशुपालन एवं गव्य, विभागों के अधिकारी के साथ साथ सभी बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक प्रशांत कुमार ने सभी प्रशासनिक और बैंकिंग क्षेत्र के अधिकारियों का स्वागत करते हुए सितंबर तिमाही 2022 मे जिले के बैंकों की उपलब्धि का विस्तृत ब्योरा सभा पटल पर रखा। जिलाधिकारी ने जिले के बैंकों के सीडी रेशियो की बैंकवार विस्तृत समीक्षा करते हुए, सभी बैंकों विशेषकर एसबीआई के प्रतिनिधि को सीडी रेशियो मे त्वरित वृद्धि करने को निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के बैंक कृषि एवं सूक्ष्म लघु उद्योग क्षेत्र पर केंद्रित कर इस क्षेत्र मे ऋण मुहैया करायें और सीडी रेशियो को राज्य के औसत पर लाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करें।

# घर से लापता इंटर के छात्र की गला दबाकर हत्या, शव नहर में फेंका

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के पीरो थाना क्षेत्र के देवचंदा पुल स्थित नहर के समीप इंटर के एक छात्र की गला दबाकर हत्या कर दी गयी। साक्ष्य मिटाने के लिए उसका शव रजेया-जमुआंव नहर में फेंक दिया गया। मंगलवार की शाम उसका शव नहर से बरामद किया गया। मृत छात्र अगिआंव बाजार थाने के। अगिआंव गांव वार्ड नंबर तीन निवासी कृष्णा पासवान का 18 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार था।

वह सोमवार की सुबह से घर से लापता था। हालांकि हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। उसके चचेरे भाई गुड्डू पासवान के अनुसार कि छात्र के पिता द्वारा बताया कि वह सोमवार की सुबह करीब 9 बजे घर से निकला था। इसके बाद उसके मित्रों द्वारा उसे शाम करीब 4 बजे अगिआंव बाजार स्थित चौक पर देखा गया था। सोमवार की रात वह घर वापस नहीं लौटा, तो परिजनों ने सोचा कि वह अपने दूसरे मकान में सो गया होगा। क्योंकि वह अक्सर उस मकान में सोया करता था। मंगलवार की सुबह उसके माता और पिता खेत में कटनी करने चले गए। दोनों शाम को वापस लौटे तो, सूचना मिली के रजेया नहर में एक युवक का शव बरामद हुआ है।

## 16 जिलों में घर-घर जाकर लोगों को खिलाई जाएगी 2 दवाएं, वहीं शेष 8 जिलों में चलेगी तीन तरह की दवाएं

# 10 फरवरी को 24 जिलों में एमडीए राउंड का होगा मेगा लॉन्च

- आईएमए के साथ एमडीए-फाइलेरिया के मेगा लांच को लेकर संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित
- फाइलेरिया नेग्लेक्टेड ट्रॉपिकल डीजीज में एक प्रमुख रोग

**केटी न्यूज/पटना**

वर्ष 2030 तक फाइलेरिया उन्मूलन के लिए देश में अब एक साथ एमडीए यानी सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राज्य के 24 जिलों में 10 फरवरी को एमडीए का मेगा लॉन्च किया जाएगा। जिसमें 16 जिलों में 2 दवाएं एवं शेष 8 जिलों में तीन तरह की दवाएं घर-घर जाकर लोगों को खिलाई जाएगी। उक्त बातें अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम अधिकारी, फाइलेरिया, डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने आईएमए के साथ एमडीए- फाइलेरिया के मेगा लांच को लेकर आयोजित संवेदीकरण कार्यशाला के दौरान कही। डॉ. प्रसाद ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन में आईएमए ने पहले भी सहयोग किया है। उन्होंने आईएमए से पुनः एमडीए में अधिक से अधिक लोगों द्वारा दवा सेवन करने के लिए सहयोग प्रदान करने की बात कही।





कार्यक्रम में शामिल राज्य भर के सीएस व अन्य अधिकारी

**देश के कुल फाइलेरिया मरीजों का 18% केवल बिहार में :** डॉ. प्रसाद ने बताया कि देश में कुल 7 लाख 6 हजार फाइलेरिया के मरीज हैं। जिसमें 18% मरीज केवल बिहार में है। उन्होंने बताया कि देश में कुल 328 जिले फाइलेरिया की जद में है। इनमें 75 फीसदी जिले केवल पांच राज्यों यानी बिहार, झारखंड, उड़ीसा, उत्तरप्रदेश एवं छतीसगढ़ में हैं। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन में एमडीए एवं एमएमडीपी (रुग्णता प्रबंधन एवं विकलांगता रोकथाम) की भूमिका सबसे अहम होती है। एमडीए की सहायता से रोग की रोकथाम एवं एमएमडीपी की सहायता से हाथीपांव का प्रबंधन किया जाता है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए राज्य में प्रखंड स्तर पर फाइलेरिया क्लिनिक स्थापित किए जा रहे हैं। बिहार के सीतामढ़ी एवं मुजफ्फरपुर के सभी प्रखंडों में फाइलेरिया क्लिनिक की स्थापना हो चुकी है।

**72 देशों में लगभग 86 करोड़ आबादी फाइलेरिया के खतरे में :** विश्व स्वास्थ्य संगठन के नेग्लेक्टेड ट्रॉपिकल डिजीज के कोऑर्डिनेटर डॉ. राजेश पांडेय ने बताया कि फाइलेरिया नेग्लेक्टेड ट्रॉपिकल डीजीज में एक प्रमुख रोग है। विश्व के 72 देशों में 85.9 करोड़ आबादी फाइलेरिया के खतरे में हैं। विश्व भर में फाइलेरिया विकलांगता का दूसरा प्रमुख कारण है। इससे विश्व भर में लगभग 200 करोड़ रुपए की आर्थिक क्षति होती है। उन्होंने बताया कि एनटीडी जिसमें फाइलेरिया भी शामिल है के उन्मूलन पर खर्च किए गए प्रति एक डॉलर पर 25 डॉलर का फायदा होगा। डॉ. पांडेय ने बताया कि फाइलेरिया प्रबंधन एवं उन्मूलन की दिशा में मरीजों को न्यूनतम पैकेज ऑफ केयर प्रदान करने पर जोर दिया जा रहा है। जिसमें फाइलेरिया संक्रमण का उपचार, एक्यूट अटैक का उपचार, हाथीपांव का प्रबंधन एवं हाइड्रोसील का सर्जरी शामिल है। इस दौरान उन्होंने फाइलेरिया प्रसार, फाइलेरिया उन्मूलन रणनीति, एमडीए, एमएमडीपी सहित हाथीपांव के चरणों के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

**आईएमए के सदस्य एमडीए-फाइलेरिया में करेंगे सहयोग :** आईएमए के राज्य सचिव डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि आईएमए के सभी सदस्यों के साथ मिलकर फाइलेरिया उन्मूलन में सहयोग करने की कार्ययोजना बनायेंगे। साथ ही, आईएमए के सभी चिकित्सकों के माध्यम से यह सुनिश्चित कराएंगे कि सभी डॉक्टर अपने पर्चे पर एमडीए का मुहर लगे।

## खबरें फटाफट

### नहरों का मरम्मत कार्य शुरू, किसानों में छाई खुशी

**केसठ।** प्रखंड क्षेत्र से होकर गुजरने वाले डुमरांव लाईन राजवाहा का मरम्मत कार्य जोर शोर से चल रहा है। जिसमें दर्जनों मजदूर लगे हुए हैं। बता दें कि कई जगहों पर नहरें टूट फूट गई है। जिस कारण पानी का बहाव नहर में समूचित रूप से नहीं हो पाएगा। जिसको देखते हुए नहरों का मरम्मती कराया जा रहा है। यह कार्य सोन नहर प्रमंडल बिक्रमगंज के कार्यपालक अभियंता महेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर चल रहा है। जिसका देख रेख सोन नहर अवर प्रमंडल सिद्धीपुर के कनिय अभियंता पप्पू सिंह द्वारा किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कनीय अभियंता पप्पू सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा शेड्यूल के अनुसार रवि फसल का पटवन करने के लिए 25 दिसंबर से पानी छोड़ा जाता है। पानी आने से पहले प्रयास किया जा रहा है कि जहां तक नहरों का मरम्मती कार्य पूर्ण कर लिया जाए। ताकि पानी का बहाव अच्छा से हो सके। तथा मरम्मती के अभाव में कहीं फसल नुकसान ना हो सके।

### ग्राम कचहरी ने सुलझाया जमीन विवाद

**नावानगर।** ग्राम कचहरी परमानपुर में सहोदर भाइयों के बीच जमीन विवाद को सरपंच पार्वती देवी ने मंगलवार को आपसी समझौते से निष्पादित किया। साथ ही जमीन की अमीन से मापी कराकर सभी भाईयों को उनके हिस्सेदारी पर दखल करा दिया। सरपंच ने बताया कि बीते दस वर्षो से गांव के गफ्फार मियां बनाम तैयब अंसारी वगैरह के बीच जमीन की विवाद चल रहा था। उन्होंने बताया कि पांच सहोदर भाईयों के इस विवाद का मामला ग्राम कचहरी में पहुंचा। जिसके बाद सभी भाईयों को ग्राम कचहरी में बुलाकर सुनवाई की गई। साथ ही पांचों भाईयों के रजामंदी से निष्पादन कर जमीन की मापी कराकर दखल करा दिया गया है। इस दौरान न्याय मित्र अमरेंद्र पाण्डेय, न्याय सचिव, उप सरपंच मीना देवी समेत सभी पंच सदस्य थे। मामला का निष्पादन करने के बाद बिहार सरकार द्वारा प्राप्त पंचायती राज विभाग बिहार सरकार का डायरी सभी ग्राम कचहरी से जुड़े प्रतिनिधियों के बीच वितरित किया गया।

### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिला मुख्यालय स्थित बाजार समिति में हुई मतगणना

# जनता का फैसला: बक्सर में ढहा निवर्तमान चेयरमैन का मजबूत किला, कमरून निशा के सिर पर सजा ताज

- ब्रह्मपुर व चौसा नगर पंचायतों को भी मिला पहला मुख्य व उप मुख्य पार्षद
- नव निर्वाचित प्रतिनिधियों ने दिलाया विकास का भरोसा

**केटी न्यूज/बक्सर**



बाजार समिति में तैनात पुलिस



काउंटिंग को ईवीएम ले जाता कर्मी



काउंटिंग स्थल के बाहर खड़े समर्थक

मंगलवार को बक्सर नगर परिषद के साथ ही नव गठित ब्रह्मपुर व चौसा नगर पंचायतों के हुए चुनावों की मतगणना की गई। जिसमें बक्सर में जहां पूर्व चयेरमैन माया देवी के मजबूत किलेबंदी में सेंधमारी करते हुए कमरून निशा ने बाजी मारी। वहीं उप मुख्य पार्षद पद पर इशरत बानो ने बेबी देवी को पटखनी दी। मिली जानकारी के अनुसार नव निर्वाचित मुख्य पार्षद कमरून निशा को कुल 17869 मत मिले थे। जबकि उनकी निकटम प्रतिद्वंदी व निवर्तमान चेयरमैन माया देवी को 15893 मत मिले। कमरून ने 1976 मतों के बड़े अंतर से पराजित कर बक्सर नप की मुख्य पार्षद बनी है।

वहीं, उपमुख्य पार्षद चुनाव में इशरत बानो ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी बेबी देवी को पराजित किया है। इशरत को 14592 मत मिले है जबकि बेबी को मात्र 11783 मत ही मिले। इशरत 2809 मतों से विजयी घोषित की गई। मतगणना सुबह आठ बजे से बाजार समिति में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई। मुख्य व उपमुख्य पार्षद के साथ ही सभी वार्डों के वार्ड पार्षदों की घोषणा भी कर दी गई है। अधिकांश वार्डों में जनता ने नए चेहरों पर भरोसा दिखाया है, जबकि काम नहीं करने वाले अधिकांश पुराने पार्षदों को हार का मुंह देखना पड़ा है।



चेयरमैन बनी कमरून निशा

पिछले पांच सालों में सत्ता के प्रति जो आक्रोश पनपा था, उसे जनता ने मताधिकार के रूप में दिखाया है। चुनाव परिणाम आने के बाद अब इस बात के चर्चे होने लगे है कि काम नहीं करने वाले प्रतिनिधियों की अब खैर नहीं है।



समर्थकों के साथ बैठी बक्सर नप की नव निर्वाचित उप मुख्य पार्षद

वहीं, नव निर्वाचित प्रतिनिधियों ने भी विकास के रफ्तार को तेज करने का भरोसा मीडिया के माध्यम से दिया है। मतगणना के दौरान निवार्ची पदाधिकारी सह डीएम अमन समीर, एसपी नीरज कुमार सिंह, एसडीएम धीरेंद्र कुमार मिश्र तथा एसडीपीओ गोरख राम समेत तमाम अधिकारी लगातार मतगणना केंद्र का निरीक्षण करते रहे। प्रत्याशियों के समर्थकों का हुजूम भी बाजार समिति रोड में सुबह से ही जमा हुआ था जो कि अपने प्रत्याशियों की हार और जीत पर उत्साहित और निराश हो रहा था। हालांकि, जिला प्रशासन की ओर से किसी भी प्रकार के विजय जुलूस निकालने पर रोक लगा का रखा था। जिसके कारण प्रत्याशियों ने जीत की खुशी रंग गुलाल और फूल मालाओं तक ही सिमि रह गया। लेकिन, इससे उम्मीदवारों के समर्थकों के बीच खुशी कम नहीं हुई।

### चौसा में किरण ने लहराया परचम



चौसा नगर पंचायत चुनाव में मुख्य पार्षद पद पर किरण देवी ने अपने प्रतिद्वंदी आशा देवी को पराजित किया है। किरण को 2175 मत मिले जबकि आशा को 1334 मत। किरण 841 मतों से विजयी घोषित की गई। उप मुख्य पार्षद पद पर सरिता देवी निर्वाचित हुई है। उन्हें कुल 3412 मत मिले है। जबकि दूसरे स्थान पर रहे रिंकू पाल को 1923 मत मिले है। सरिता 1489 मतों से चुनाव जीती है। चुनाव परिणाम आने के बाद विजेता पक्ष में खुशी की लहर दौड़ गई, जबकि पराजित पक्ष मायूश हो गया था।

### ब्रह्मपुर में सुमन देवी बनी सिकंदर तो चंद्रभूषण बने मुकद्दर के सिकंदर



समर्थकों के साथ चेयरमैन बनी सुमन देवी

**बक्सर।** नव गठित ब्रह्मपुर नगर पंचायत का चुनाव परिणाम इस बार काफी खास बन गया है। एक तरफ मुख्य पार्षद के पद पर चुनाव जीतने वाली सुमन देवी इस बार सबसे बड़े अंतर से जीत दर्ज कर चुनावी मैदान का सिकंदर बनी है, तो दूसरी तरफ उप मुख्य पार्षद के पद पर निर्वाचित हुए चंद्रभूषण सिंह सबसे कम मतों से जीतने वाले मुख्य या उप मुख्य पार्षद बन मुकद्दर का सिकंदर साबित हुए है।

मिली जानकारी के अनुसार मुख्य पार्षद निर्वाचित हुई सुमन देवी को कुल 5119 मत मिले है तथा वे अपने निकतम प्रतिद्वंदी श्वेता सिंह को 3521 मतों के भारी अंतर से मात दी है। श्वेता को महज 1598 मत ही मिल सके। उपमुख्य पार्षद पद पर चंद्रभूषण सिंह को 2222 मत मिले, जबकि दूसरे स्थान पर रही आरती देवी को भी 2190 मत मिले थे। चंद्रभूषण मात्र 32 मतों से चुनाव जीते है।

## नगर परिषद के कूड़ा उठाव वाले ट्रैक्टर की चपेट में आ बाइक चालक जख्मी



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव नगर परिषद द्वारा अपने संसाधनों के रख रखाव व मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसका खामियाजा अब नप कर्मियों के साथ ही आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। मंगलवार को नगर परिषद के जर्जर हो चुके कूड़ा उठाव करने वाली ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक बाइक चालक जख्मी हो गया। जबकि उसकी बाइक ट्रैक्टर ट्राली के चक्के में फंस चकनाचूर हो गई। गनीमत रही कि बाइक चालक ट्रैक्टर की चपेट में नहीं आया जिससे उसकी जान बच गई। यह दुर्घटना दोपहर बाद नगर के मुख्य पथ स्टेशन रोड में ईदगाह के पास की है। बताया जाता है कि कूड़ा उठाव करने वाली टैज्क्टर का पिछला चक्का अचानक टूटकर अलग हो गया। इस दौरान वहा से अपनी बाइक से गुजर रहे छठिया पोखरा के पास के गोबिंद कुमार चपेट में आ गए। उनकी बाइक ट्रैक्टर के टूटे चक्का के पास फंस गई थी। हालांकि इस दुर्घटना में सिर्फ बाइक ही क्षतिग्रस्त हुई थी। चालक को विशेष चोट नहीं लगी। देर शाम तक स्थानीय पुलिस को इस घटना की सूचना नहीं मिल सकी थी।

## एमडीजे विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने श्रीरामानुजम टैलेंट सर्च मैथमेटिक्स परीक्षा में लहराया परचम

- सफल प्रतिभागियों को विद्यालय में किया गया सम्मानित

**केटी न्यूज/नावानगर**

सोनवर्षा के एमडीजे पब्लिक स्कूल के छात्रों ने भोजपुर में आयोजित श्री रामानुजम टैलेंट सर्च मैथमेटिक्स एग्जाम में परचम लहराया है। कक्षा 7 के अमन कुमार एवं छठवां स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 8 के शिवम कुमार ने परचम लहराया है। इसको लेकर मंगलवार को विद्यालय में अव्वल छात्रों को सम्मानित प्राचार्य डॉ एके घोष ने किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य ने दोनों छात्रों को विद्यालय के चेतना सत्र में पुरस्कृत करते हुए उनकी सफलता के लिए बधाई दी।

साथ ही बताया कि सभी सफल छात्रों को राष्ट्रीय गणित दिवस पर पटना में सरकार के द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करने की जानकारी दिया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ नंद कुमार सिंह ने कहा की प्रतिभाएं अवसर की मोहताज नहीं होती। कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। निश्चित ही हमारे विद्यालय के इन छात्रों ने इस कहावत को चरितार्थ करने का काम किया है। मैं उनकी सफलता के लिए उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। बता दें कि यह परीक्षा बीसीएसटी बिहार सरकार एवं बिहार मैथमेटिकल सोसायटी द्वारा आयोजित की गई थी। जिसमें विद्यालय के दर्जनभर छात्रों ने हिस्सा लिया था। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरीय शिक्षक मुन्ना कुमार ने किया मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



छात्र को सम्मानित करते प्राचार्य व अन्य

## एक नजर

### नया भोजपुर और कृष्णाब्रह्म पुलिस ने शराब के साथ तस्करों को किया गिरफ्तार

कृष्णाब्रह्म। नया भोजपुर ओपी और कृष्णाब्रह्म पुलिस ने मंगलवार को अपने अपने थाना क्षेत्र में शराब की खेप के साथ ही एक-एक शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार नया भोजपुर पुलिस वाहन चेकिंग के दौरान स्थानीय चौक से एक टेम्पो में छिपाकर रखे गए अंग्रेजी शराब बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस ने वाहन उक्त टेम्पो को जब्त करने के साथ ही चालक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार टेम्पो चालक सह कारोबारी पुराना भोजपुर के जितेन्द्र चौधरी का पुत्र प्रमोद चौधरी है जो टेम्पो चलाने के आड़ में शराब का कारोबार कर रहा था। तलाशी के दौरान टेम्पो में बनाए गए स्पेशल तहखाना से रायल स्टैग ब्रांड 180 एमएल के 14 बोतल तथा 28 पीस फ्रुटी पैक शराब मिला। जिसके बाद पुलिस ने उसके टेम्पो को जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए नया भोजपुर ओपी के प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान के दौरान यह सफलता मिली है। उसने पुलिस को बताया है कि वह यूपी के बेयासी से शराब की खेप लेकर आ रहा था। उन्होंने कहा कि पुलिस शराब तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस गिरफ्तार कारोबारी सह चालक से पूछताछ कर उसके नेटवर्क को खंगाल रही थी। वही दूसरी तरफ कृष्णाब्रह्म पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के नोनियापुरा गांव से सुनील कुमार नामक तस्कर को 12 पीस शराब के साथ पकड़ा है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

### जमीन विवाद को लेकर सिमरी व कृष्णाब्रह्म में हुई मारपीट, जख्मियों का चल रहा इलाज

**कृष्णाब्रह्म/सिमरी।** पुलिस के लाख प्रयास के बावजूद जमीन विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को सिमरी थाना क्षेत्र के आशा पड़री व कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के कृतसागर गांव में जमीन विवाद को ले मारपीट की घटनाए हुई है। कृष्णाब्रह्म प्रतिनिधि के अनुसार कृतसागर गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे व ईट पत्थर चलाए गए। जिसमें दोनों पक्षों के लोग जख्मी हो गए। घटना को लेकर सोमवार को एक दूसरे के खिलाफ स्थानीय थाना में नामजद प्रथमिकी दर्ज कराया गया। कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि जमीन विवाद में मारपीट हुई है। जख्मियों का इलाज डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। सोमवार को दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ नामजद प्रथमिकी दर्ज कराई। एक पक्ष के कुंवर यादव ने राधेश्याम यादव, सुरेंद्र यादव, सोनू यादव सहित कुल सात लोगो के खिलाफ जबकि दूसरे पक्ष के सुरेंद्र यादव ने कुंवर यादव, कल्लू यादव, राजेश यादव, दो महिला समेत कुल दस लोगों के खिलाफ नामजद प्रथमिकी दर्ज कराई है। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वही दूसरी तरफ सिमरी प्रतिनिधि के अनुसार आशा पड़री के मोहम्मद जान व अशोक शर्मा के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट की इस घटना में दो लोग जख्मी हुए है। सिमरी पीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार निर्झर ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि एक पक्ष द्वारा आवेदन दिया गया है। इस मामले की तहकीकात की जा रही है।

### शहीद रविकांत मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को कोलकाता व हरियाणा के बीच खेला जाएगा सेमीफाईनल मैच

# रोहन राठी व दीपक पुनिया के आगे पस्त हुई लखनऊ की टीम

- रोहन राठी को मैन ऑफ द मैच का दिया गया पुरस्कार

**केटी न्यूज/डुमरांव**

यहा चल रहे शहीद आईपीएस रविकांत सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे पुल का दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच कोलकाता और लखनऊ की टीमों के बीच खेला गया। कोलकाता ने टॉस जीतते हुए पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।

मंगलवार के मैच के उद्घाटक के रूप में राज उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक जगदम्बा पाल और डॉ. आनंद पाण्डेय ने किया। कोलकाता ने बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में छह विकेट खो 204 रन बनाए। कोलकाता की तरफ से दीपक पुनिया और अंकित ने धमाकेदार शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी दी। दीपक पुनिया ने 31 गेंदों में 48 रन बनाए जिसमें चार चौके और चार गगनचुंबी छक्के शामिल थे। उनके आउट होने के बाद रोहन राठी ने रन गति तेज करने का जिम्मा उठाया और 36 गेंदों में तीन चौकों व तीन छक्कों के सहारे तेज 56 रन बनाए। लखनऊ की तरफ से विकास ने तीन और भास्कर ने दो विकेट चटकाए। 205 रनों का पीछा करने उतरी लखनऊ की टीम 25 ओवरों में आठ विकेट गंवाते हुए महज 168 रन ही बना पाई। लखनऊ की तरफ से निलोत्पलेंदु ने 29 गेंदों में सर्वाधिक 41 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल रहे। कोलकाता की तरफ से रोहन राठी और आकाश तोमर ने तीन-तीन विकेट चटकाए। इस मुकाबले को 36 रनों से जीत कोलकाता की टीम सेमीफाईनल में पहुंची। जहा बुधवार को उसका मुकाबला पुल-बी से सेमीफाईनल में पहुंचने वाली हरियाणा की मजबूत टीम से होगा। रोहन राठी को उनके आल राउंड प्रदर्शन के कारण मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें यह पुरस्कार ब्रह्मा ठाकुर द्वारा दिया गया। मैच में अंपायर के रूप में वेद प्रकाश और राजीव कमल मिश्र मौजूद रहे। स्कोरर के रूप में चेतन और सतीश जायसवाल मौजूद रहे। मैच में कॉमेंटेटर के रूप में मनोज कुमार और अजितेश कुमार रहे।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि



खिलाड़ी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते अतिथि

## शहर छोटी खबरें

### एसपी ने छह पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

**गाजीपुर।** सोमवार को आरक्षी से मुख्य आरक्षी पद पर प्रोन्नत हुए छह आरक्षीयों को पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिषेक भारती महोदय ने बैच लगाकर सम्मानित किया और पदोन्नति की सभी आरक्षियों को बधाई दी। आरक्षी से मुख्य आरक्षी पद पर मारकोनी, दीपक कुमार पांडे, कृष्णकांत पांडे, बालकृष्ण मौर्य और निलेश यादव शामिल हैं। इसके अलावा करीब जिले में 144 आरक्षी से मुख्य आरक्षी पद पर प्रोन्नत हुए हैं।

### पुलिस ने शराब की भट्ठियां तोड़ी

**बलिया।** मनियर पुलिस ने मनियर के दियारे क्षेत्र में लगातार दबिश देकर शराब की भट्ठियों पर तोड़फोड़ कर रही है। इसी क्रम में मंगलवार को एसएचओ मनियर प्रवीण कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अरुण कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल जितेंद्र यादव, कांस्टेबल पति राम चौरसिया, संजय कुशवाहा, अजय यादव, आदित्य पांडेय, अतुल कुमार सिंह, लाल यादव सहित आदि पुलिस बल मनियर थाना क्षेत्र के ककरघट्टा खास, एलासगढ़ दियरा टुकड़ा नंबर दो के सामने दियारे क्षेत्र में जाकर अवैध रूप से संचालित शराब की भट्ठियों पर तोड़फोड़ की एवं भारी मात्रा में लहन नष्ट किया। बताते चलें कि मनियर के दियारे क्षेत्र में अवैध रूप से शराब की भट्ठियां संचालित होती है और इस धंधे में संलिप्त दारू बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों सहित बिहार में भी सप्लाई करते हैं। शराब का यह अवैध धंधा इस इलाके में कुटीर उद्योग का रूप ले चुका है। जानकरों का कहना है कि कई सफेदपोश लोग भी इस धंधे में शामिल हैं।

### सील हुआ मैरेज हॉल, मचा हड़कंप

**मऊ।** शहर के भीटी स्थित तमसा मैरिज हाल को जिला प्रशासन और अग्निशमन विभाग द्वारा मंगलवार को सील किया गया इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट और मुख्य अग्निशमन अधिकारी मौजूद रहे आपको बता दें शासन के निर्देश के बाद जिले में अग्निशमन व्यवस्था दुरुस्त ना पाए जाने के बाद विभिन्न मोहल्लों और विभिन्न मैरिज हॉल व मॉल संचालकों पर कार्रवाई का दौर चल रहा है। इस क्रम में सोमवार को जिला प्रशासन द्वारा वी-मार्ट मौल को सील किया गया था। मंगलवार को जिला प्रशासन के सिटी मजिस्ट्रेट व मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा तमसा मैरिज हाल को सील किया गया है।

# जनपदीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में शिक्षा क्षेत्र सोहाव की टीम ओवर ऑल चैंपियन

- परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने विजेताओं को किया पुरस्कृत, कहा- नौनिहाल देश के भविष्य
- बेस्ट एथलीट अवार्ड से नवाजे गए नरही नंबर एक के आदित्य

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपदीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में शिक्षा क्षेत्र सोहाव की टीम ओवर ऑल चैंपियन हुई। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री प्रदेश दयाशंकर सिंह ने सोहाव के ब्लॉक व्यायाम शिक्षक नीरज राय एवं बीईओ लोकेश मिश्र को सर्वजेता ट्रॉफी प्रदान की। वहीं नवानगर की टीम द्वितीय एवं गड़वार की टीम तृतीय स्थान पर रही।

मंगलवार को दो दिवसीय जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के सभी खेल वर्ग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के विजेताओं को परिवहन मंत्री ने पुरस्कृत किया। इसके पूर्व प्रदेश सरकार के मंत्री का स्वागत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनिराम सिंह ने पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। परिवहन मंत्री ने सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि यही नौनिहाल देश का भविष्य हैं।

मंत्री दयाशंकर सिंह ने प्रतियोगिता के बेस्ट एथलीट पुरस्कार से सोहाव के प्राथमिक विद्यालय नरहीं नंबर एक के आदित्य को पुरस्कृत किया। विदित हो कि आदित्य ने 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़ एवं लंबी कूद में गोल्डन हैट्रिक लगाई थी । अन्य वर्गों में प्राथमिक बालिका वर्ग की कबड्डी में सोहाव विजेता हुई वहीं बेलहरी द्वितीय स्थान पर रही, जूनियर बालक वर्ग की कबड्डी में सोहाव विजेता एवं बेलहरी उपविजेता रही। जूनियर बालिका वर्ग की कबड्डी में हनुमानगंज विजेता वहीं सोहाव उपविजेता रही



विजेता खिलाड़ियों के साथ अतिथिगण व अन्य

। बेलहरी की पीटी टीम ने अपने प्रदर्शन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, खिलाड़ियों के विशेष प्रदर्शन को भी सभी ने जम कर सराहा। विदित हो कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी व टीमें मंडलीय प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगी ।

**प्रतियोगिता में इनकी रही उपस्थिति :** इस दौरान उप क्रीड़ा अधिकारी अजय प्रताप साहू, खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश कुमार झा, डीपी सिंह, आरपी सिंह, माधवेंद्र पांडे, लोकेश मिश्र, हिमांशु मिश्र, जिला समन्वयक सत्येंद्र राय, नूरुल हुदा, ओमप्रकाश सिंह आदि उपस्थित रहे । माध्यमिक क्रीड़ा सचिव हरेंद्र सिंह, सुनील पांडे, रमेश श्रीवास्तव, शिक्षक प्रतिनिधियों में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, राजेश पांडेय, वीरेंद्र यादव, मोहम्मद शमशाद, जुबेर अहमद, अजय सिंह, रंजना पांडे, कमलेश सिंह, अरविंद सिंह, सत्यजीत राय, अम्बरीष तिवारी, सुभाष सिंह, शशिकांत उपाध्याय आदि उपस्थित रह खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### निर्णायक की भूमिका में मुस्तैद दिखे शिक्षक

निर्णायक की भूमिका जिला व्यायाम शिक्षक विनोद कुमार सिंह, जिला स्काउट मास्टर अरविंद कुमार सिंह, नीतू सिंह, कनक चक्रधर, नीरज राय, विनय राय, अनूप राय, मोहम्मद खुर्शीद, धीरेंद्र राय, भक्ति विक्रम सिंह, अवनीश राय, अविनाश यादव, अखिलेश राय, संजय पांडे, सत्यजीत राय, चंद्रभानु सिंह, पंकज द्वेवेदी, अमृत सिंह, मोहम्मद वसीम, अनिल कनौजिया, अजीत राय, अनिल मिश्र, पवन कुमार, भावानंद शर्मा व शिवानाद शाह आदि ने निभाई।

## कृषक जागरुकता रबी गोष्ठी में वैज्ञानिक ढंग से खेती करने की दी गई जानकारी, कहा

# किसान रसायनिक खादों और कीटनाशकों की जगह जैविक खादों व दवाइयों का उपयोग करें

- जैविक और अजैविक पदार्थों के चक्र का बिगड़ता जा रहा है संतुलन
- जैविक खेती से भूमि, जल एवं वातावरण रहेगा शुद्ध और स्वस्थ रहेंगे सभी जीवधारी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद के देवकली ब्लॉक मुख्यालय परिसर मंगलवार में कृषि सूचनातंत्र के तहत कृषक जागरुकता रबी गोष्ठी व कृषि निवेश मेला आयोजित किया गया। जिसका उदघाटन पूर्व विधायक शिवपूजन राम ने फीता काटकर और विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख माधुरी यादव, भाजपा के जिला महामंत्री दयाशंकर पाण्डेय व कमलेश पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। उप कृषि निदेशक अतीन्द्र सिंह ने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है। 80 प्रतिशत लोग कृषि से जुड़े हैं।



जानकारी देते उप कृषि निदेशक अतीन्द्र सिंह

वर्तमान परिवेश में रासायनिक उर्वरकों के बजाय जैविक खाद का उपयोग कर वैज्ञानिक ढंग से खेती करना चाहिए, ताकि कम लागत में अधिक उत्पादन मिल सके। रबी फसलों की बुआई तथा रोगों से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उप कृषि निदेशक अतीन्द्र सिंह ने बताया कि हमारे देश में सबसे बड़ी समस्या बढ़ती हुई जनसंख्या है। बढ़ती हुई जनसंख्या के साथ भोजन की आपूर्ति के लिए मानव द्वारा खाद्य उत्पादन की होड़ में अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए तरह-तरह की रासायनिक खादों, जहरीले कीटनाशकों का उपयोग, प्रकृति के जैविक और अजैविक पदार्थों के बीच आदान-प्रदान के चक्र को (इकोलॉजी सिस्टम) प्रभावित करता है। जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति खराब हो जाती है, साथ ही वातावरण प्रदूषित होता है तथा मनुष्य के स्वास्थ्य में गिरावट आती है।

**किसानों को दी गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी :** सहायक विकास अधिकारी कृषि राम अवध यादव ने शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं, किसान सम्मान निधि, खण्ड विकास अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार मौर्य ने पशुपालन तथा सब्जी उत्पादन तथा ब्लॉक पर उपलब्ध सुविधा, प्राविधिक सहायक सूर्यबली यादव ने फसल बीमा आदि विषयों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष प्रवीण त्रिपाठी, राजेश गुप्ता, अखिलेश कुशवाहा, गुरुप्रसाद गुप्ता, विजय शंकर सिंह, सतेन्द्र कुमार सिंह, उषा देवी, मालती देवी, सुमित्रा, नीलम, शशिकला, उर्मिला कुशवाहा, विरेन्द्र यादव, कृपाशंकर कुशवाहा, लालबहादुर, रामविजय यादव, भोला यादव, ओमप्रकाश और अवधेश कुशवाहा मौजूद रहे। संचालन एडीओ एजी राम अवध यादव और सूर्यबली यादव ने किया।

### पहले कृषि के साथ गौ पालन किया जाता था

प्राचीन काल में मानव स्वास्थ्य के अनुकुल तथा प्राकृतिक वातावरण के अनुरूप खेती की जाती थी, जिससे जैविक और अजैविक पदार्थो के बीच आदान-प्रदान का चक्र इकोलॉजिकल सिस्टम निरन्तर चलता रहा था। जिसके फलस्वरूप जल, भूमि, वायु तथा वातावरण प्रदूषित नहीं होता था। भारत वर्ष में प्राचीन काल से कृषि के साथ-साथ गौ पालन किया जाता था, जिसके प्रमाण हमारे ग्रांथों में प्रभु कृष्ण और बलराम हैं। जिन्हें हम गोपाल एवं हलधर के नाम से संबोधित करते हैं। अर्थात कृषि एवं गोपालन संयुक्त रूप से अत्याधिक लाभदायी था, जो कि प्राणी मात्र व वातावरण के लिए अत्यन्त उपयोगी था। परन्तु बदलते परिवेश में गोपालन धीरे-धीरे कम हो गया तथा कृषि में तरह-तरह की रसायनिक खादों व कीटनाशकों का प्रयोग हो रहा है जिसके फलस्वरूप जैविक और अजैविक पदार्थों के चक्र का संतुलन बिगड़ता जा रहा है और वातावरण प्रदूषित होकर, मानव जाति के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। अब हम रसायनिक खादों, जहरीले कीटनाशकों के उपयोग के स्थान पर, जैविक खादों एवं दवाईयों का उपयोग कर, अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। जिससे भूमि, जल एवं वातावरण शुध्द रहेगा

## गुवाहाटी के कमांड अस्पताल में बीएसएफ के जवान का निधन

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

रेवतीपुर थाने के नवली गांव निवासी बीएसएफ के 19 बटालियन में तैनात जवान विनोद कुमार पांडेय की असम गुवाहाटी के कमांड अस्पताल में निधन हो गया। जवान के मौत की सूचना गाँव व परिजनों को मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

खबर मिलने के बाद गांव में सन्नाटा पसर गया है। परिजनों के मुताबिक रविवार को निधन के बाद मृत जवान का पार्थिव शरीर मंगलवार की शाम तक आने की उम्मीद है। मृत जवान के छोटे भाई सचिन कुमार पांडेय ने बताया कि विभागीय अधिकारियों के मुताबिक बीते 14 दिसंबर को बीएसएफ में तैनात उनके बड़े भाई ऑन ड्यूटी पोल पर चढ़कर कुछ काम कर रहे थे कि अचानक उपर से असंतुलित होकर सीधे जमीन पर गिर पड़े, जिसके तत्काल बाद जवानों व अधिकारियों ने उनके भाई को घायल वस्था में कमांड अस्पताल में भर्ती कराया। जिनका बीते रविवार की देर रात्रि को इलाज के दौरान निधन हो गया। जवान के छोटे भाई ने बताया कि बीते नवंबर माह में उनके भाई जिनकी ससुराल बिहार के आरा जिले में बनाही मिश्रवलिया शाहपुर है, वहां शादी समारोह में आए थे। छुट्टी समाप्त होने के बाद वह दिसंबर माह के पहले हफ्ते में अपने पत्नी नीतू पांडेय, मां आशा देवी व दो बच्चों क्रमशः ओमकार पांडेय व आदित्य को लेकर अपने तैनाती स्थल पर लेकर गये थे। मृत जवान के छोटे भाई ने बताया कि वह अपने पांच भाइयों में सबसे बड़े थे।

## एसपी दफ्तर में तैनात सिपाही हाईकोर्ट इलाहाबाद के अपर निजी सचिव के पद पर हुए चयनित

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

एसपी कार्यालय में पिछले पांच सालों से आईजीआरएस शाखा में नियुक्त आरक्षी चन्द्रप्रकाश साहनी ने हाईकोर्ट इलाहाबाद के प्रतिष्ठित पद अपर निजी सचिव के पद पर चयनित होकर पुलिस विभाग को गौरवान्वित किया है। अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए पुलिस कर्मी रात -दिन मेहनत की और साबित कर दिया है कि कोई भी अपने पुरूषार्थ व ज्ञानार्जन से किसी भी सफलता को प्राप्त कर सकता है।

इस सफलता पर प्रकाश चंद्र ने सोमवार को एसपी ओमवीर सिंह से मुलाकात कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर आशीर्वाद लिया। प्रकाश चंद्र ने पुलिस विभाग जैसी चुनौतीपूर्ण नौकरी को पूरी कर्त्तव्यनिष्ठा से करते हुए अपने अध्ययन को जारी रखा। चन्द्र प्रकाश ने अपनी इस सफलता पर कहा कि सफलता कभी एकांगी नहीं होती, इसमें कई हकदार है। परिवार के साथ पुलिस विभाग काफी अहम रहा है। उन्होंने अपनी सफलता का मुख्य श्रेय अपने माता-पिता के संस्कार और विश्वास को दिया है, जो पेशे से अध्यापक है। चंद्र प्रकाश मूल रूप से जनपद गोरखपुर निवासी है। ये दैनिक अखबारों के संपादकीय लेख को अपने सफलता में विशेष योगदान मानते हैं एवं ऑनलाइन शिक्षा को भी काफी तवज्जों देते हैं।



आरक्षी को सम्मानित करते एसपी ओमवीर सिंह

## एक नजर

### वार्षिक खेलकूद व साइंस एक्जीविशन का समापन



**बलिया।** नगरा क्षेत्र के भीमपुरा कस्बे के आरके पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद व साइंस एक्जीविशन के दूसरे दिन छात्र छात्राओं ने अपने हुनर का लोहा मनवाया। स्कूल के डिजाइन को पर्यवेक्षकों ने प्रथम स्थान दिया। मुख्य अतिथि के रुप मे पशु चिकित्साधिकारी डॉ अजय सिंह ने विजेताओं को ट्राफी देते हुए उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न उपकरणों से रेन हार्वेस्टिंग, फ्री एलपीजी गैस, ड्रोन, बैटरी कूलर, बैटरी कार, स्कूल, ज्वालामुखी बनाकर प्रोजेक्ट के माध्यम से प्रदर्षित किया। साथ ही ब्रेन, किडनी, फर्स्ट एड बॉक्स, चित्रकला प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। बालिकाओं की कब्बडी प्रतियोगिता में रेड हाउस की छात्राएं विनर रही। चेस प्रतियोगिता में आदित्य कुमार विनर रहा। कैरम प्रतियोगिता में कक्षा 4 व 5 में विनायक यादव, 6,7 व 8 में राहुल खरवार, छात्राओं में सुहानी विजेता रही। मौके पर टिंकू सिंह, बृजेश शर्मा, सोनू गिरी, चंदन सिंह, बशीर अहमद, पिंटू गुप्ता, अशोक कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

### एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण का अयोजन



**गाजीपुर।** मलसा स्थित शिवपूजन इंटर कॉलेज में 92 यूपी बटालियन एनसीसी के चल रहे संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में पांचवें दिन कमांडिंग आफिसर कर्नल संतोष कुमार ने कैडेटों को युद्धाभ्यास के दौरान विभिन्न तरह के प्रशिक्षण दिए। इस दौरान विभिन्न प्रकार के खेलों का भी आयोजन किया गया। कमांडिंग ऑफीसर कर्नल संतोष कुमार के देखरेख में कबड्डी, खो -खो, तिरपाल फोल्डिंग, बाधा प्रशिक्षण के कंपटीशन करवाए गए। जिसमें कैडेटों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बालिका वर्ग में बी सर्टिफिकेट की टीम ने विजयश्री पाई। जबकि बालक वर्ग में सी सर्टिफिकेट के बालक विजयी रहे। खो-खो में बालिकाओं में बी सर्टिफिकेट एवं बालकों में सी सर्टिफिकेट के कैडेट विजेता रहे। प्रशिक्षण में सूबेदार दीनदयाल के नेतृत्व में फायरिंग की भी प्रतियोगिता कराई गई। इस प्रशिक्षण कैंप के दौरान प्रथम अधिकारी सतीश कुमार राय, प्रथम अधिकारी उदय कुमार, सूबेदार मेजर धर्मपाल, सूबेदार घाले, हवलदार मुकेश, सूबेदार तिल बहादुर थापा, विनोद कुमार, हवलदार देवेश राय आदि मौजूद रहे।

### अच्छे कार्य करने पर 3 सिपाही बने मुख्य आरक्षी



**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना कोतवाली के तीन सिपाही द्वारा अच्छे कार्य करने पर पुलिस हेड क्वार्टर लखनऊ के आदेश के क्रम में इन्हें दीवान बनाया गया। दीवान बनने की जानकारी मिलते ही पुलिसकर्मियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी मंगलवार को कोतवाली परिसर में आरक्षी संदीप यादव, सुनील यादव व विवेक कुमार गुप्ता को मुख्य आरक्षी बनाए जाने पर कोतवाल शैलेश सिंह ने इनके वर्दी पर बैज लगाकर इन्हें इन का सम्मान बढ़ाया और अपने हाथों से इन्हें मिठाई भी खिलाई। इस मौके पर चौकी प्रभारी कस्बा पंकज सिंह यादव, चौकी प्रभारी खैराबाद बंसराज प्रसाद, उप निरीक्षक मनोज कुमार सिंह, उमेश कुमार, सीसीटीएनएस प्रभारी अब्दुल रब समेत महिला कांस्टेबल एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### बसों की किल्लत से यात्री परेशान

**मऊ।** रोडवेज बसों की किल्लत से प्रत्येक दिन यात्रा करने वाले यात्री छात्र एवं व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आए दिन यात्रियों को परिवहन निगम की बस पकड़ने के लिए लगभग एक से दो घंटे तक बस स्टेशन पर बसों का इंतजार करना पड़ रहा है। मंगलवार को प्रातः पढ़ने वाले छात्र एवं प्रत्येक दिन नौकरी करने के लिए आजमगढ़ की यात्रा करने वाले लोग जब स्थानीय बस स्टेशन पर पहुंचे तो लगभग एक से दो घंटा इंतजार करने के बाद परिवहन निगम की बस मऊ से मोहम्मदाबाद गोहना स्टेशन पर आई और वह भी बस पूरी तरह से भरी हुई थी। मजबूरी में जिसको यात्रा करनी थी वह बस में खड़े होकर यात्रा करने के लिए विवश रहे हैं। इस बाबत पूछे जाने पर नई डीपो के सहायक यातायात निरीक्षक पति राज यादव का कहना है कि यात्रियों की सुविधा के लिए हम लोग नियमानुसार समय-समय पर बसों की रवानगी करते हैं। कुछ बसों की कम होने से यह समस्या बनी है, लेकिन हमारा मुख्य उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा परिवहन विभाग इनकम बढ़े तथा यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

### गैंगस्टर एक्ट में अभियुक्त को 4 साल की सजा

**बलिया।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश ( गैंगस्टर एक्ट )अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 5 न्यायाधीश ओमकार शुक्ला की अदालत गैंगस्टर एक्ट के मामले में अभियुक्त अनूप पांडे पुत्र विश्वामित्र उर्फ सुगानी, अनूप प्रजापति पुत्र शिव मिलन प्रजापति निवासी गण कंचनपुर थाना रेवती जनपद बलिया के खिलाफ दोष साबित पाते हुए 4 वर्ष के साधारण करावास एवं 5000 के अर्थदंड से दंडित किया अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को 15 दिन का अतिरिक्त करावास भुगतना होगा। वादी मुकदमा प्रभारी निरीक्षक थाना रेवती जनपद बलिया ने 30 नवंबर 2014 को तहरीर दिया था कि अभियुक्त एक शातिर अपराधी है तथा इनका आतंक जनमानस में व्याप्त है इसके खिलाफ कोई भी व्यक्ति गवाही देने को तैयार नहीं होता है यह एक संगठित गिरोह बनाकर अपने व अपने साथियों के लिए आर्थिक तथा बुनियादी लाभ लेने के लिए कार्य करते हैं, तथा हत्या व लूट चोरी जैसे अपराध करने के अभ्यस्त अपराधी हैं।

## एडीएम ने कहा- मौसम की जानकारी लें, ठंड में जरूरी हो तभी घर से निकलें

# शीतलहर व घने कोहरे से बचाव के लिए प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

- लोगों के लिए जारी किए गए विभिन्न विभागों के महत्वपूर्ण नंबर
- पशुपालकों से की गई मवेशियों की देखभाल करने की अपील

**केटी नयूज/गाजीपुर**

शीतलहर एव घने कोहरे से बचाव के लिए अपर जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। अत्यधिक ठंड /शीतलहर होने पर छोटे बच्चों, बुजुर्गो एवं गर्भवती महिलाओं को घर के अन्दर ही रखें।



अति आवश्यक हो तभी घर से बाहर जाएं। स्थानीय रेडियो, दैनिक समाचार पत्र, टीबी, मोबाइल फोन एवं वाट्सअप के माध्यम से मौसम की जानकारी प्राप्त करते रहें। स्वयं सर्तक रहें और अन्य व्यक्तियों को भी सर्तक करें। कहा कि शरीर को सूखा रखें, गीले कपड़े कदापि न पहने, यह शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकता है। गीले कपड़े से ठंड लगने की प्रबल सम्भावना बनी रहती है। मिट्टी का तेल, कोयले की अंगीठी, हीटर इत्यादि का प्रयोग करते समय सावधानियां बरतें। कमरे में शुद्ध हवा का आवागमन, वेन्टिलेशन, वायु-संचार बनाए रखें, ताकि कमरे में विषाक्त, जहरीला धुआं इकट्ठा न हो। सोने से पहले हीटर, ब्लोअर, कोयले की अंगीठी आदि को अवश्य बंद कर दें। कई स्तरों वाले गर्म कपड़े जैसे-ऊनी कपड़े, स्वेटर, टोपी, मफलर इत्यादि का प्रयोग आपको शीतदंश/ठंड के प्रभाव से बचा सकता है। शरीर में ऊष्मा के प्रवाह को बनाए रखने के लिए पोषक आहार एवं गर्म पेय पदार्थों का नियमित सेवन किया जाना लाभकारी होगा।

हाइपोथर्मिया के लक्षणों जैसे-असामान्य शरीर का तापमान, भ्रम या स्मृति हानि, बेहोशी, विचलन, असीमित ठिठुरना सुस्ती, थकान, तुतलाना, थकावट इत्यादि की स्थिति उत्पन्न होने पर अपने नजदीकी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर सम्पर्क करें। शीतदंश के लक्षणों जैसे-शरीर के अंगों का सुन्न पड़ना, हाथों-पैरों की उंगलियों, कान नाक आदि पर सफेद या पीले रंग के दाग उभर आने पर अपने नजदीकी चिकित्सक से परामर्श के बाद ही दवाइयों का प्रयोग करें। किसी भी आपात कालीन स्थिति से निपटने के लिए एक आपातकालीन डायरी बनाए जिसमें पुलिस, चिकित्सा, अग्निशमन एवं अन्य महत्वपूर्ण विभागों के नम्बर दर्ज रखें और इसकी जानकारी परिवार के प्रत्येक सदस्यों को होनी चाहिए। शीतलहर में गाड़ियों में फॉग लाइट का इस्तेमाल करें।

ठंड में पशुओं को थनैला, मिल्क, फीवर नेमोटाइटिस आदि रोग होने का खतरा रहता है। इसलिए पशुओं को समय-समय पर चिकित्सक को दिखाते रहें। पशुओं को रात में खुले पेड़ के नीचे अथवा घर से बाहर न निकालें। उनको ठंड के मौसम में जुट की बोरी अथवा घर में पड़ा पुराना कंबल ओढ़ाएं।

किसी भी सहायता के लिए निम्न नम्बरों पर सम्पर्क करें। एम्बुलेंस-108, पुलिस-100/112, राहत आयुक्त कार्यालय-1070, जिलाधिकारी आवास-0548-2220240, 2221240, जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, (डीडीएमए)/जिला इमरजेन्सी आपरेशन सेन्टर (ईओसी), गाजीपुर। 0548-2224041, आईसीसीसी- 0548-2226100-14 है।